Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to increase the amount of honorarium paid to Aanganwadi Sevikas and Sahayikas.

श्री राम टहल चौधरी)रांची:(ग्रामीण क्षेत्र में आंगनबाड़ी केन्द्रों में जो सेविकाएं एवं सहायिकाएं कार्यरत हैं वे ग्रामीण क्षेत्र में छोटे बच्चों को शिक्षा देने ,छोटे बच्चों को रोगों से बचाने के लिए ,बच्चों को पोषणाहार संबंधी सुझाव देने एवं गांव की महिलाओं के बीमार होने पर सहायता एवं ग्रामीण गर्भवती महिलाओं को सहायता प्रदान करती है। सेविका और सहायिका दिन के अलावा रात में सर्दी और बरसात में भी कार्य करती है। इन आंगनबाड़ी में कार्यरत सेविकाओं एवं सहायिकाओं को उनके कार्यों के अनुपात में पर्याप्त वेतन नहीं दिया जा रहा है। उनको दिये जाने वाला मानदेय आज की महंगाई के समय बहुत ही अपर्याप्त है। इसके लिए आंगनबाड़ी में कार्यरत सेविकाएं एवं सहायिकाएं आंदोलन कर रही है और उनकी मांग जायज है। इस संबंध में कई सांसदों ने इस मामले को सदन में उठाया है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि आंगनबाड़ी में कार्यरत सेविकाओं एवं सहायिकाओं को बढ़ती महंगाई के कारण एवं उनके द्वारा ग्रामीण स्वास्थ्य एवं ग्रामीण शिक्षा के क्षेत्र में दिये जा रहे सहयोग और सहायता के लिए उनका मानदेय बढ़ाया जाये एवं उनकी सेवाओं को सरकारी नौकरी का दर्जा दिया जाये।